# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

(पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तक,सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग)

## प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2023
## नमूना प्रश्न पत्र
## कक्षा–8
## विषय – हिन्दी

समय – 2.30 घण्टे पर्णांक – 80

परीक्षार्थियों हेतु निर्देश :–

वस्तुनिष्ठ प्रश्न – सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

प्रश्न–1. वर्ष पर्यन्त बदलने वाली ऋतुओं में से किस ऋतु के लिए 'ऋतुराज' शब्द का प्रयोग किया जाता है? 1

(अ) हेमन्त ऋतु (ब) ग्रीष्म ऋतु (स) बसन्त ऋतु (द) शीत ऋतु ( )

प्रश्न–2. चिड़िया जब घोंसला बनाती है, तब वह अपनी चोंच से किस चीज को दबाकर ले जाती दिखाई देती है ? 1

(अ) पत्थर (ब) तिनके (स) इट (द) पानी ( )

प्रश्न–3 पुडुकोट्टई (तमिलनाडु) में महिलाओं के लिए कौनसा कार्य सामाजिक आन्दोलन बन गया था ? 1

(अ) व्यापार करना (ब) साइकिल चलना

(स)विद्यालय में पढ़ाना (द) खेती–बाड़ी करना ( )

प्रश्न–4 'मोहन चूडियाँ बेचने का कार्य करता है।' मोहन का पेशा कहलाएगा – 1

(अ) लोहारी (ब) सुनारी (स) सुधारी (द) मनिहारी ( )

प्रश्न–5 हिन्दी सिनेमा में 'आलम आरा' फिल्म अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, क्याकि – 1

(अ) यह पहली बोलती फिल्म है। (ब) यह इतिहास को बदलने वाली फिल्म है।

(स) यह राजनीति पर आधारित फिल्म है। (द) यह बिना पटकथा की फिल्म है। ( )

प्रश्न–6 कृष्ण की चोटी बढ़ाने हेतु मैया उन्हें क्या–क्या खिलाती है ? 1

(अ) माखन (ब) दूध (स) रोटी (द) उपयक्त सभी ( )

प्रश्न–7 योगेश ने गाय की रक्षा करने हेतु अपने प्राणों की बाजी लगा दी। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है– 1

(अ) भाग जाना (ब) अत्यधिक प्रिय होना

(स) साहस पूर्ण कार्य करना (द) आकर्षित करना ( )

प्रश्न–8 राम ने टोपी पहनी है। रेखांकित शब्द का बहुवचन होगा – 1

(अ) टोपिया (ब) टोपीया (स) टोपियाँ (द) टोपीयाँ ( )

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :–**

प्रश्न–9 "हरे–हरे ये पात, डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।" 'ध्वनि' कविता की इन पंक्तियों के अनुसार 'हरे–हरे' ये पात से क्या तात्पर्य है ? 2

उत्तर – ..................................................................................................................

..................................................................................................................

प्रश्न–10 जिस प्रकार फिल्म में 'कार' प्रत्यय लगाने से 'फिल्मकार' बनता है इसी प्रकार 'कार' प्रत्यय लगाकर दो नये शब्द बनाइए 2×1=2

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न–11 दिए गए व्यक्ति वाचक संज्ञा शब्द का वाक्य में प्रयोग कर लिखिए। 2×1=2

उत्तर – (1) जयपुर ..........................................................................................................

(2) गोविन्द..........................................................................................................

प्रश्न–12 साइकिल चलाने के कोई दो लाभ लिखिए। 2×1=2

उत्तर – (1) ..................................................................................................................

(2) ..................................................................................................................

प्रश्न–13 'दिन प्रति हानि होति गोरस की' 'गोरस' शब्द का क्या आशय है ? 2

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न–14 गवरइया को टोपी बनवानी थी इसलिए वह किस–किस के पास गई थी ? 2

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–15 सड़क पर चलने हेतु यातायत संकेतों के चिह्न बनाकर उनके अर्थ लिखिए। (कोई चार) 4×1=4

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न–16 'दोवानों की मस्ती' पाठ के आधार पर बताइए कि हमें संसार को क्या देना तथा क्या लेना है ? 4

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न–17 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य लिखिए। 4×1=4

उत्तर – बादल ..................................................................................................................

..................................................................................................................

कमल..................................................................................................................

..................................................................................................................

आँख ..................................................................................................................

..................................................................................................................

पेड़ ..................................................................................................................

..................................................................................................................

प्रश्न–18 कबीर घास की निन्दा करने से क्यों मना करते हैं ? पठित दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 4

उत्तर – ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

RSCERT

प्रश्न–19 'बच्चों के उधम मचाने पर घर की बहुत दुर्दशा हुई।' 'कामचोर' कहानी के आधार पर इस बात के समर्थन में अपना मत दीजिए। 4

उत्तर – ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न–20 'इस भेद को मेरे सिवाय मेरा ईश्वर ही जानता है। आप उसी से पूछ लिजिए। मैं नहीं बताऊँगा।' बिलवासी के समर्थन में तर्क दीजिए। 4

उत्तर – ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न– 21 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' पर चार पंक्तियाँ लिखिए। 4

उत्तर – ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–22 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 8

आगे चना गुरूमातु दए ते, लए तुम चाबि हमें नहिं दीने ।
स्याम कह्यो मुसकाय सुदामा सों, "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने ।।
पोटरि काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नाहिं सुधारस भीने ।
पाछिलि बानि अजौ न तजो तुम, तैसई भाभी के तंदुल कीन्हे ।।

अथवा

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्टियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़
बाँचते हैं।

उत्तर – ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

RSCERT

.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................

प्रश्न–23 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4×2=8

यह पिण्ड तेजी से सूर्य की ओर बढ़ रहा था। ज्यों–ज्यों पास आता जाता था, उसका आकार बढ़ता जाता था। यह सूर्य से लाखों गुना बडा था। उसकी महान आकर्षण शक्ति से हमारा सूर्य काँप उठा। ऐसा ज्ञात हुआ कि उस ग्रहराज से टकराकर हमारा सूर्य चूर्ण हो जाएगा। वैसा न हुआ। वह सूर्य से सहस्त्रों मील दूर से ही घूम चला, परंतु उसकी भीषण आकषण शक्ति के कारण सूर्य का एक भाग टूट कर उसके पीछे चला। सूर्य से टूटा हुआ भाग इतना भारी खिंचाव संभाल न सका और कई टुकड़ों में टूट गया। उन्हीं में से एक टुकड़ा हमारा पृथ्वी है। यह प्रारभ में एक बड़ा आग का गोला थी।

(i) पिण्ड किसकी ओर तेजी से बढ़ रहा था ?

उत्तर – .....................................................................................................................................................

(ii) हमारी पृथ्वी प्रारंभ में कैसी थी ?

उत्तर – ...................................................................................................................................................

(iii) पिण्ड की आकर्षण शक्ति से किसका एक भाग टूट गया था ?

उत्तर – .....................................................................................................................................................

(iv) निम्नलिखित शब्दों के विपरित अर्थ वाले शब्द गद्यांश से ढूंढकर लिखिए।

उत्तर – (i) हल्का – ............................................

(ii) अन्त .......................................................

प्रश्न–24 आप रा.बा.उ.प्रा.वि. सज्जनपुर की छात्रा सोनिया कुमारी है। आपके पिताजी का स्थानान्तरण जोधपुर हुआ है। आप अपनी आगे की पढ़ाई जोधपुर रहकर पूरी करना चाहते हैं। अपने प्रधानाध्यापक जी को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.) हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए। 8

अथवा

दूकानदार एवं ग्राहक के बीच संवाद को अपनी भाषा में 8 पंक्तियों में लिखिए।

ग्राहक – गुड़ क्या भाव दिया ?

दुकानदार – चालोस रूपये किलो।

ग्राहक –

उत्तर – .....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................

RSCERT

प्रश्न–25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 8

(i) बालिका शिक्षा

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) 21 वीं सदी का भारत

(iv) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

उत्तर – ..............................................................................................................................

RSCERT